बैतूल (नवदुनिया प्रतिनिधि)। जेएच कालेज बैतूल की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर बांसपानी में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के के चौथे दिन परियोजना कार्य में स्वयंसेवकों द्वारा गांव में की सफाई की और ग्रामीणों को जागरूक किया। ग्रामीणों को अपने घरों के आस-पास स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। दीवारों पर नारे लेखन, रैली के माध्यम से गांव के नागरिकों को शासन के अंतर्गत आने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी। बौद्धिक सत्र में देवमन गौरखेडे द्वारा स्वयंसेवकों को व्यक्तित्व विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यूथ सतीश सलामे ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के प्रमाण पत्रों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ललित तायवाड़े ने बताया किस समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास होता है। कार्यक्रम अधिकारी नीलिमा पीटर ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दलनायक पूनम मालवीय, उपदलनायक तनु महोबे, रुपाली बोडखे, प्रवीणा लोखंडे, गायत्री मालवीय, आरीना पवार, सलोनी मालवीय, वर्षा रावत, रितिका मालवीय, दिव्या चरपे, कीर्ति झरबड़े, साक्षी मन्नासे, तनीषा धोटे आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।




ग्राम बांसपानी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। ● नवदुनिया

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

# बांसपानी में छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई का बांसपानी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविरि के चौथे दिन परियोजना कार्य में स्वयं सेवकों द्वारा ग्रामीणों को अपने घरों के अस-पास स्वच्छता रखने के लिए प्रेरित किया। दीवारों पर नारे लेखन, रैली के माध्यम से गांव के नागरिकों को शासनके अंतर्गत आने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी। बौद्धिक सत्र में यूथ हॉस्टल के पूर्ण सचिव द्वारा देवमन गौरखेड़े द्वारा स्वयं सेवकों के व्यक्तित्व विकास के बारे में विस्तार से जानकारी बताई, यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बारे में भी विस्तार से किस प्रकार काम करते हैं वो भी जानकारी प्रदान की गई।

# युवा राष्ट्र निर्माण में अपने सहभागी बनेः मोहन नागर

## राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बासपानी में संपन्न

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** बैतूल की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बासपानी में बौद्धिक सत्र में शिविर के तीसरे दिन शिविर में उपस्थित हुए मोहन नागर, पूर्व राज्य संपर्क अधिकारी डॉ.महेंद्र गिरी,प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, रूपेश ठाकरे उपस्थित थे। इस मौके पर भारत भारती महाविद्यालय के सचिव मोहन नागर द्वारा राष्ट्र के संदर्भ में विस्तृत रूप से चर्चा कर बताया कि हमारे देश में विभिन्न संस्कृति धर्म परंपराओं की मान्यता हुई, विश्व गुरु के रूप में माना जाता है।



श्री नागर ने कहा कि युवा राष्ट्र निर्माण में सहभागिता करें। डॉ महेंद्र गिरी ने बताया कि एनएसएस दर्शन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि हम सभी को अपनी दिनचर्या में अनुशासन का समायोजन करते रहना चाहिए साथ ही अपनी कर्मभूमि जन्मभूमि के प्रति सहज रहना चाहिए। प्राचार्य डॉ राकेश तिवारी ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी छात्रों को बताए गई। आज पत्रिका समाचार पत्र द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान दीक्षा देशमुख द्वितीय स्थान रूपाली बोबड़े के प्रति स्थान शारदा प्रजापति को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन गायत्री मालवीय लक्षिता सातपुते द्वारा किया गया। आभार व्यक्त कार्यक्रम अधिकारी सुश्री नीलिमा पीटर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों को राष्ट्रीय सेवा योजना महिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। परियोजना कार्य में गांव में साफ सफाई स्वच्छता के बारे में गांव के नागरिकों को जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर ललिता पांडे, रोशनी उगड़े,सलोनी मालवीय, श्रेजल सिसोदिया, आंचल महोबे, लक्ष्मी बारमसे, पुष्पांजलि कसारे,दामिनी मानकर,प्रो.संतोष पवार प्रवीण परिहार ललित ताम्रवाडे सराहनीय सहयोग रहा।

# महिलाएं राष्ट्र के प्रति दायित्व निभाएंः डीएसपी पल्लवी गौर

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई का बांसपानी में सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हुआ। शिविर का समापन डीएसपी पल्लवी गौर के आतिथ्य में और जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, बीआर पंवार, अरुणा पीटर, ग्राम सरपंच दुर्गा धोटे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू, राजाराम गवांदे, फरहान शेख की विशेष उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम अधिकारी निलिमा पीटर ने शिविर के प्रतिवेदन का वाचन किया। पल्लवी गौर ने कहा कि शिविर के अनुशासन को देख कर उन्हें पुलिस एकेडमी की याद आ गई। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर



क्षेत्र में आगे आ रही है और एनएसएस में सीखा गया अनुशासन, सेवा कार्य और राष्ट्र के प्रति दायित्व अच्छा और राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल बनाएगा। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि इस शिविर में अपने जो भी सीखा है उसे हमेशा याद रखें और समाज के उत्थान के लिए कार्य करें। वरिष्ठ स्वयंसेवक रामनारायण शुक्ला, दिव्यांशी पांडे, सोमचंद साहू, प्रवीण परिहार, निलेश चढ़ोकार, ललित ताम्रवाड़े, सतीश सलामे, संजय ठाकरे ने भी अपने अनुभव साझा किए। शिविर को सफल बनाने में स्वयंसेवकदलनायक पूनम मालवीय, उपदलनायक तनु मोहबे, कोमल देशमुख, मिनाक्षी रजानकर, दामिनी मानकर, भारती चढ़ोकार, गायत्री मालवीय, प्रवीणा लोखंडे, अंजलि पंवार, रिंकिका मालवीय, दिव्या चापे, किर्ती झरबड़े, साक्षी मवासे, तनीषा धोटे आदि का सराहनीय योगदान रहा।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15



Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

जयवन्ती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैतूल (मप्र)
Jaywanti Haksar Government Post Graduate College, Betul (MP)
Office: Civil Lines, Betul- 460001 Tel: 07141- 234244
E-mail : hegjhpgcbet@mp.gov.in Website: www.jhgovtbetul.com

# सात दिवासीय विशेष शिविर प्रतिवेदन

## 10.03.2022 से 16.03.2022 तक

ज.हा.शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम बांसपानी में दिनांक 10.03.2022 से 16.03.2022 तक किया गया। **"स्वास्थ्य जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य की थीम"** पर शिविर के दौरान कार्य किये गये।

दिनांक 10.03.2022 को महाविद्यालय परिसर से शिविर स्थल ग्राम बांसपानी के लिये, शिविरार्थियों को प्राचार्य डॉ राकेश तिवारी द्वारा हरी झंडी देकर प्रस्थान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अनिता सोनी, डॉ. अर्चना सोनारे, जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, श्रीमती अरुणा पीटर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलिमा पीटर के साथ 50 छात्राये उपस्थित थी।

7 दिवसीय शिविर ग्राम बांसपानी के प्राथमिक शाला में लगाया गया। शिविर का उद्घाटन शाम 5 बजे ग्राम सरपंच श्रीमती दुर्गा जौजारे, श्री जौजारें प्रधान पाठक श्री



अनिल दीक्षित, शिक्षिका श्रीमती कुसुम सहाने, श्रीमती अरूणा पीटर, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलिमा पीटर की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच श्रीमती दुर्गा जौंजारे ने कहा कि N.S.S. का कैम्प हमारे गांव में पहेली बार लग रहा है । ये 50 छात्रायें हमारे ग्राम वासियों को अच्छी-अच्छी बातें इन 7 दिनों में बतायेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलिमा पीटर द्वारा शिविर के दौरान किये जाने वाली गतिविधियों एवं कार्यो के बारे में विस्तार से बताया। दल नायक पूनम मालवीय उपदल नायक तनु महोबे रिया धिडोडे, लक्षिता,कोमल, श्रीमती फूलवंती बाई यादव वरिष्ठ स्वंयसेवक श्री ललित तायवाड़े, कु. दीपाली पांडे एवं सभी स्वंय सेवक उपस्थित थे।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

**जन-जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान -**



प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 11:30 बजे तक परियोजना कार्य के अन्तर्गत शिविरार्थियो द्वारा गांव में सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया। गांव की मुख्य सड़कों की साफ सफाई किया। गांव की गलियों की साफ-सफाई की और पन्नी एवं प्लास्टिक एकत्रित कर उन्हे जलाया। बौद्धिक सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलिमा पीटर द्वारा शिविरार्थियों एवं प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों को शिविर की दिनचर्या एवं किये जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से समझाया । इस अवसर पर प्रधान पाठक श्री अनिल दीक्षित,शिक्षिका श्रीमती कुसुम सहाने ने भी सभी शिविरार्थियों को उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा की और प्रेरित किया। दलनायक कु. पूनम मालवीय ने कार्यक्रम का संचालन किया। उपदल नायक कु. तनु महोबे ने आभार व्यक्त किया। अंत में सभी शिविरार्थियों द्वारा लक्ष्य गीत की प्रस्तुति की गयी।


**सोख्ते गडड़ो का निमार्ण -**



परियोजना कार्य के अन्तर्गत तीसरे दिन शिविरार्थियों द्वारा स्वास्थ्य,स्वच्छता, शिक्षा के ऊपर गांव के विद्यालयों एवं मकानों पर स्लोगन लेखन कार्य किया, साथ ही गांव के हैन्ड पम्प के पास साफ-सफाई कर सोख्ता गड्डो का निमार्ण किया। ग्रामीण को यह समझाया कि हैन्डपम्प के आस-पास सफाई रखे विशेषकर महिलाओं को कपडे न धोने कि समझाईश दी गयी। रात्रि 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत नशा मुक्ति एवं बाल-विवाह, दहेज प्रथा, जैसे विषयों पर लघु नाटक प्रस्तुत किये गयें। लोकनृत्य (गोंडी), राजस्थानी आदि की भी प्रस्तुतियाँ दी गई जिसकी ग्रामीणों ने बहुत ही प्रशंसा की। गांव के छोटे ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रूचि लेकर सहभागिता की। ग्राम बांसपानी के आसपास के ग्रामीणों ने भी शिविर के दौरान किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा की। गांव कि महिलाओं द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी रूचि दिखाई।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

**मतदाता एवं वैक्सीनेशन जागरूकता–**



शिविर के तीसरे दिन परियोजना कार्य के अन्तर्गत प्रातः 8 बजे से शिविरार्थियों द्वारा ग्राम बांसपानी के पास ग्राम मर्दवानी उमरवानी ग्रामों में जाकर मतदाता जागरूकता एवं कोरोना के लिये वैक्सीन लगाये जाने के लिये ग्रामीणों को जागरूक किया। दीवारों पर इनसे संबंधित नारें और स्लोगन लेखन कार्य किया। वैक्सीनेशन के प्रति विभिन्न भ्रांतियों को लेकर ग्रामीणो को समझाया। मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत ग्रामीणों को अपने मतों का सही उपयोग हेतु समझाया। रात्रि 8 बजें से होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में मतदान जागरूकता से संबंधित नाट्क की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा।

**कुटीर उद्योग हेतु जानकारी–**

बौद्धिक सत्र में शिविरार्थियों एव ग्राम की महिलाओं को कुटीर उद्योग के बारे में जानकारी श्री विजय बारपेटे शिक्षक द्वारा दी गई। ग्राम में प्रायः सभी के पास गाय,भैसे होती है। दुध,दही,मही,घी,मावा, बनाकर किस तरह से शहर में उपलब्ध डेयरी की दुकानों में बेचा जा सकता है। साथ ही इस गांव के पुरूष मिस्त्री का काम अधिक मात्रा में करते है । इस अवसर पर वरिष्ठ स्वंय सेवक श्री ललित तायवाडे (राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त) श्री राजाराम रावते (स्वर्गीय श्री लक्ष्मण सिंह गौंण पुरस्कार प्राप्त) ने शिविरार्थियों को "श्रम शिखर" के बारे में विस्तार से बताया।




सांस्कृति कार्यक्रम में शिविरार्थियों द्वारा गोंडी नृत्य, मराठी नृत्य देश भक्ति गीत, एवं कन्या भ्रूण हत्या, स्वच्छता पर नाटक किया गया। गांव की महिलाओं द्वारा

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

भजन एवं बेटी के महत्व पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। गांव के प्राथमिक शाला के बच्चो द्वारा N.S.S. के लक्ष्य गीत की प्रस्तुति दी गई।

**पत्रिका ग्लोबल फेस्ट चित्रकला स्पर्धा–**





शिविर के बौद्धिक सत्र में पत्रिका समाचार समूह द्वारा चलाये जाये रहे अभियान पत्रिका ग्लोबल फेस्ट के अन्तर्गत शिविर स्थल ग्राम बांसपानी में पर्यावरण और स्वच्छता विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में 35 शिविरार्थियों ने भाग लेकर एक से बढ़कर एक चित्र बनाए। शिविरार्थियों द्वारा बनाये गये चित्रों में पेड़ों को बचाने,पेडो को काटने से हमें क्या नुकसान हो सकता है पर्यावरण को स्वच्छ केसे रखा जा सकता है। आदि संदेश इस चित्रकला में दिखाई दिये। कैसे रखा जा सकता है। अदि संदेश इस चित्रकला में दिखाई दिये। प्रतियोगिता के पुरस्कार– वितरण में उपस्थित अतिथि आवासीय विद्यालय भारत भारती समिति के सचिव श्री मोहन नागर, ज.हा.शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी, शासकीय महाविद्यालय तामिया के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र गिरि, आई.टी.आई. के प्रशिक्षक श्री रूपेश ठाकरे एवं डॉ एस.डी.डोगरें ने प्रतियोगिता के प्रथम कु. दीक्षा देशमुख, द्वितीय कु. रूपाली बोरखे एवं तृतीय कु. शारदा प्रजापति को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर श्री मोहन नागर ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

किस तरह बचाया जा सकता है। प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि पर्यावरण को बचाये रखने के लिये प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया जाना चाहिये। डॉ. महेन्द्र गिरि ने कहा कि N.S.S. ही एक ऐसा मंच है जहाँ पर विद्यार्थीयो को अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करता है अवसर प्रदान करता है। सभी अतिथियों ने सभी विजेताओं को बधाई दी। प्रतियोगिता में निर्णायक भूमिका सीनियर छात्राएँ कु. दीपाली पांडे एवं रिया घिड़ोडे ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन कु. लक्षिता सातपुते के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलिमा पीटर द्वारा किया गया। सभी अतिथियों ने पत्रिका समाचार पत्र द्वारा किये पर्यावरण को लेकर किये गये पत्रिका "ग्लोबल फेस्ट" की अत्यंत सराहना की।

सांस्कृतिक कार्यकम में शिविरार्थियो द्वारा स्वच्छ पर्यावरण और वृक्षारोपण पर आधारित नाटक प्रस्तुत किये। ग्राम कि महिलाओं द्वारा भी गति एवं नृत्य की अत्यंत मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

**भारत भारती आवासीय विद्यालय जामठी का भ्रमण–**




शिविर के 5वे दिन प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक समस्त शिविरार्थियो को शिविर स्थल ग्राम बांसपानी से 5 किलोमीटर दूर ग्राम जामठी में स्थित भारत–भारती आवासीय विद्यालय का भ्रमण कराया गया। विद्यालय के सचिव श्री मोहन नागर ने सभी शिविरार्थियों कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलिमा पीटर जिला संगठ्क डॉ. सुखदेव डोंगरे का बहुत ही आत्मीक रूप से स्वागत किया। पूरे भ्रमण का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को किस तरह से स्वच्छ रखा जाता है साथ ही जैविक खाद परिसर लगभग 50 एकड भूमि पर विद्यालय आयुर्वेदिक, औषिधि पेड़, खेल मैदान, आर्युविदिक चिकित्सालय, तालाब आदि स्थानों का अवलोकन किया। विशेषकर जैविक खाद, नाडेप खाद किस प्रकार से बनाई जाती है। उसकी जानकारी श्री मोहन नागर द्वारा सभी छात्राओं को प्रायोगिक रूप से करके दिखाई और विस्तार से जानकारी भी दी। परिसर में गायों के बारे में भी अत्यधिक महत्वपूर्ण जानकारी दी। आयुर्वेदिक औषधी पेड़ो के भी बारे में बताया कि किस तरह से हम अपने शरीर को आयुर्वेदिक औषधी से

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15



स्वस्थ्य रख सकते है। परिसर में स्थित ध्यान एवं योग हेतु निर्मित छोटी छोटी कुटिया, जहाँ पर बैठकर एकांत में ध्यान एवं योगा अभ्यास किया जाता है। जो एक विशेष आकर्षक केन्द्र है। एवं अन्य उपयोगी व्यवस्थाओं को देखना था।

बौद्धिक सत्र में शासकीय चिकित्सालय बैतूल से एक पूरी चिकित्सकीय टीम ने आकर, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम बांसपानी, मर्दवानी, उमरवानी एवं अन्य आस-पास के गांवो से ग्रामीणो ने आकर अपने स्वास्थ्य सका परीक्षण कराया। एवं उपचार भी किया गया। इस अवसर पर जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ. नीलिमा पीटर , वरिष्ठ स्वयंसेवक ललित तायवाड़े उपस्थित रहें। मेडिकल स्टाफ से सीएचओ श्रीमती विंनदेश्वरी हजारे, एएन.एम. सरिता रघुवंशी, दीपक आसोले द्वारा छात्राओं एवं स्कूल के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। लगभग 75 ग्रामीणो का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। कार्यकम अधिकारी के द्वारा सभी मेडिकल टीम का, अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

**स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है एवं समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास–**

शिविर के 6वे दिन प्रातः परियोजना कार्य के अन्तर्गत शिविरार्थियो द्वारा ग्रामीणों को अपने अपने घरो के आसपास स्वच्छ रखने के लिये प्रेरित किया। दीवारों पर नारे लेखन, रैली के माध्यम से गांव के ग्रामीणो को शासन के अंतर्गत आने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। बौध्दिक सत्र में यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया बैतूल इकाई के पूर्व सचिव श्री देवमन गौरखेड़े द्वारा एसोसिएशन की विभिन्न गतिविधियो की जानकारी दी। इस अवसर पर राज्य स्तरीय पुरूस्कार प्राप्त वरिष्ठ स्वयं सेवक प्रवीण परिहार, सोमचंद साहू, निलेश चढ़ोकार, ललित तायवाड़े एवं कु. दीपाली



Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

पांडे ने शिविरार्थियो को राज्य स्तरीय पुरूस्कार के लिये किस तरह से फाईल बनाना होता है। इससे संबधित जानकारी दी। N.S.S के विभिन्न खेलो एवं सांस्कृतिक आयोजन के उदेश्य के बारे बताय गया। N.S.S के माध्यम से किस तरह से व्यक्तित्व का विकास होता है। सभी वरिष्ठ स्वयं सेवको द्वारा N.S.S से संबधित महत्वपूर्ण जानकारियॉं दी।

सांस्कृति कार्यक्रम में शिवरार्थियों द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं, दहेज प्रथा, शिक्षा का महत्व आदि विषयो पर नाट्क का मंचन किया। गांव की महिलाओ के द्वारा भजन, गीत एवं लोकनृत्य प्रस्तुत किये गये। गांव के प्राथमिक शाला के विधार्थियो द्वारा भी N.S.S लक्ष्य गीत, एवं सामूहिक लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

राष्ट्र के प्रति दायित्व निभाएँ महिलायें – पल्लवी गौर शिविर समापन समारोह–

7 दिवसीय शिविर का समापन दिनांक 16.03.2022 को किया गया। इस अवसर पर **मुख्य अतिथि डीएसपी पल्लवी गौर**, जिला संगठक डॉं. सुखदेव डोंगरे, श्री बी.आर.पवार, श्रीमती अरूणा पीटर, ग्राम सरपंच श्रीमती दुर्गा जौंजारें, डॉं. जी.पी. साहू , श्री राजाराम रावते, फराना शेख की विशेष उपस्थिति में हुआ। कार्यकम के प्रारंभ में कार्यकम अधिकारी डॉं. नीलिमा पीटर ने शिविर के दौरान किये गये कार्यो का प्रतिवेदन का वाचन किया। मुख्य अतिथि पल्लवी गौर ने कहा कि शिविर का अनुशासन देखकर उन्हे पुलिस ऐकेडमी की याद आ गई। उन्होनें कहा कि महिलायें आज हर क्षेत्र में आगे आ रही है। और N.S.S. में सीखा गया अनुशासन सेवा कार्य और राष्ट्र के प्रति दायित्व निभा रही है। डॉं. डोंगरे ने कहा कि इस शिविर में आपने जो भी सीखा है, उसे हमेशा याद रखें और समाज के उत्थान के लिये कार्य करें।







Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15




समापन अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलिमा पीटर द्वारा पल्लवी गौर को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। शिविर के दौरान प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गांव की महिलाओं एवं छोटे–छोटे बच्चो ने अपनी प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया था। उन सभी को ग्राम सरपंच श्रीमती दुर्गा जौंजारे, डॉ डोंगरे, श्री बी.आर.पवार, श्रीमती अरुणा पीटर द्वारा पुरस्कार दिये गये। सभी शिविरार्थियो को भी पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। दलनायक कु. पूनम मालवीय, उपदलनायक कु. तनु महोबे, बौद्धिक सत्र श्रेष्ठ संचालन हेतु कु. लक्षिता सातपुते, स्वादिष्ट भोजन बनाने हेतु कु. कविता वाडवुदे, रोशनी बनकर शिविर में अनुशासन बनाये रखने हेतु श्रेष्ठ अनुशासन कु. रौनक बारमासे, सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक कु. वर्षा एवं कु. दामिनी को पुरुस्कृत किया गया। रात्रि 8 बजे सभी सम्मानीय अतिथियों की उपस्थिति में कैम्प फायर का आयोजन किया गया। ग्राम सरपंच श्रीमती दुर्गा जौजारें द्वारा अग्नि प्रज्वलित की गई। इस अवसर प्रस्तुत सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम अति सराहनीय रहें। कार्यक्रम का संचालन श्री रामनारायण शुक्ला द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलिमा पीटर ने किया गया।

Principal
J.H Govt. P.G. College
Betul (M.P)

डॉ. नीलिमा पीटर
कार्यक्रम अधिकारी
रा.से.यो.महिला इकाई
ज.हा.शा.स्नातकोत्तर
महाविद्यालय बैतूल

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

## Blood Donation by NSS Volunteers












एनएसएस स्वयंसेवकों ने जिला अस्पताल में किया रक्तदान

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

## Old Age Home Visit by NSS Volunteers




खुशी के पल

खुशी के वो पल भी बुजुर्गों और हम सभी के लिये खास थे। जयवन्ती हॉक्सर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकगण [illegible] योगेश्वर [illegible], [illegible] नागले, बालकिशोर [illegible], सिद्धार्थ यादव, रानी [illegible], शिवानी [illegible], अंकिता [illegible], [illegible] दीदी, आँचल [illegible] तथा [illegible] सभी वृद्धजनों से मिले, उनके साथ हँसी-मजाक तथा कुछ भावनात्मक पल व्यतीत किये। सभी बुजुर्गों ने हम सभी स्वयंसेवकों को अपना स्नेह एवं बहुत-सा आशीर्वाद दिया।



एन.एस.एस. वॉलंटियर एवं वृद्धजन



Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

## Blanket Distribution in Slum Area and Class IV Employees

**30 जनवरी 2022 गांधीजीकीपुण्यतिथिपरजयवंतीहॉक्सरस्नातकोत्तरमहाविद्यालयबैतूल, (स्वामीविवेकानंदसोशलक्लबजेएच) एवंलायंसक्लबबैतूलमहकद्वाराग्रामसिमोरी, ग्रामसोनझार, ग्रामदूनी, ग्रामकोटमीमेंबुजुर्गोंकासम्मानकरबच्चो, बुजर्गोंऔरजरूरतमंदोंको 100 कंबल, 100 शीतकालीनटोपी, 100 मोज़े, 200 मास्क, 50 शर्ट, 20 स्वेटरतथा 70 अन्यवस्त्रोंकावितरणकियागया|**












Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15









Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

## Dana- Pani Abhiyaan



Students Arranged Water and Food to Feed Birds in Summer Season

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

Jh.G News — ज.ह. शास. स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, बैतूल (म.प्र.) — दिनांक 01 अप्रैल से 10 जुलाई 2020 — 6


# स्वयंसेवक पशु-पक्षियों के लिए चला रहे दाना-पानी अभियान

## जेएच कॉलेज की रासेयो इकाई ने जिले में सोशल मीडिया के माध्यम से चलाया जागरूकता अभियान

**बैतूल।** कोविड-19 कोरोना वायरस ने पूरे विश्व को घरों में बंद कर दिया है। ऐसे में पशु-पक्षियों को भी इस महामारी ने हताहत किया है, खासकर जो पशु-पक्षी हमारे घरों के आस-पास और हमारे आस-पास रहते हैं इस भीषण गर्मी के समय में वे प्यासे भी है और उन्हें दाने की भी जरूरत है। ऐसे में जेएच कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला-एवं पुरुष इकाई ने इनका जीवन सुरक्षित करने की जिम्मेदारी ली है। सोशल मीडिया के माध्यम से जो जहां हैं वहीं पर दाना-पानी अभियान अपने-अपने घरों में रहकर चला रहे हैं। जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक व कॉलेज के अन्य विद्यार्थी द्वारा प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे, जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू, व डॉ. प्रतिभा चौरे के मार्गदर्शन में रासेयो छात्र-छात्राएं अपने अपने क्षेत्रों में कोरोना के संबंध में जागरूकता के प्रयास कर रहे है। कोरोना जागरूकता के लिए इकाई के स्वयंसेवक अपने-अपने घरों के परिसर में पशु व पक्षियों हेतु जल व अन्न की व्यवस्था कर रहे हैं। घर की खिड़की में, आंगन में पेड़ों, बालकनी आदि जगह पर सकोरे रख रहे हैं। पक्षियों हेतु पानी पीने के लिए व्यवस्था दाना-पानी रख रहे हैं। अपने आस -पास पालतू या आवारा पशुओं को भी खाने व पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। वरिष्ठ स्वयंसेवक ललित तायवाड़े बताया कि कोरोना वायरस जागरूकता हेतु इकाई के सभी स्वयंसेवक को पूर्ण रूप से मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। उन्हें सोशल मीडिया, वाट्सएप, फेसबुक के जरिए क्या करना है यह भी बताया जा रहा है। एनएसएस के स्वयंसेवक अंजलि सोनारे, ज्योति धोटे, गायत्री मालवीय, शीतल बघेल, महिमा माकोड़े, प्रवीना लोखंडे, निधि राजपूत, प्रवीणा लोखंडे, भावना भालेकर, गायत्री नागले, संजय उइके, दुर्गेश कुमरे, अक्षय मालवीय, प्रकाश उइके, प्रफुल्ल गंगारे, ललित तायवाड़े सभी मिलकर पूरे जिले में जो जिस तहसील, गांव में हैं वहां पर दाना पानी अभियान चला रहे हैं।








Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

# International Yoga Day




Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

(अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस)







Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

## Clean India Campaign by NCC Unit

जनता की आवाज, जनता का आदेश
**राष्ट्रीय जनादेश**

बैतूल, गुरूवार 28 अक्टूबर 2021

### एनसीसी कैड्स ने चलाया सफाई अभियान




**बैतूल(राष्ट्रीय जनादेश)।** जेएच कॉलेज बैतूल के परिसर में 5 एमपी बालिका बटालियन एनसीसी होशंगाबाद के आदेश के परिपालन में एनसीसी की छात्राओं द्वारा क्लीन इंडिया कैंपनिंग के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के संरक्षण में एनसीसी महिला इकाई की लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार के नेतृत्व में प्लास्टिक वेस्ट सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान के पूर्व क्लीन इंडिया कैंपनिंग प्लास्टिक वेस्ट विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंडर ऑफिसर कुंती कहार, दीपिका नाहरे, दिव्या सोलंकी, पूजा उईके, वैष्णवी सहित 70 छात्राएं मौजूद थी।

Plastic Waste Campaign by NCC Unit under the Clean India Campaign



Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

# Kargil Vijay Diwas Celebration by NCC Unit

JAYWANTI HAKSAR GOVT. PG COLLEGE,
BETUL (MP)




On
26 July 2021

**NCC UNIT OF OUR COLLEGE IN COLLABORATION WITH 5 MP GIRLS BN AND 13 MP GIRLS BN HOSHANGABAD**

**CELEBRATES**

**KARGIL VIJAY DIWAS AT JH GOVT. PG COLLEGE, BETUL(MP)**

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15





Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

दैनिक ताप्ती दर्शन | बैतूल, मंगलवार 27 जुलाई 2021
Email-taptidarshan2@gmail.com

# एनसीसी कैड्स ने जेएच कॉलेज से कारगिल चौक तक रैली निकाली




बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल के एनसीसी (छात्र/छात्रा) कैडेट्स के द्वारा 5 एमपी गर्ल्स बटालियन एवं 13 एमपी बटालियन एनसीसी होशंगाबाद के निर्देशानुसार महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे एवं एनएसएस जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार एवं लेफ्टिनेंट डॉ. सुखलाल देवपुरे के नेतृत्व में डॉ. मनिता दुबे, पी. हेमंत देशपांडे, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रतिभा चौरे की उपस्थिति में एनसीसी के लगभग 50 कैडेट्स के द्वारा कारगिल विजय दिवस पर महाविद्यालय से प्रारंभ कर कारगिल चौक सदर बैतूल तक रैली निकाली गई। साथ ही चित्रकला एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में 25 कैडेट्स ने भाग लिया जिसमें महिला यूनिट में प्रथम निशा अहाके, द्वितीय गायत्री लिखितकर, तृतीय दीक्षा अमरूते रहीं। पुरुष यूनिट में संदीप इवने प्रथम, सुमित रघुवंशी का द्वितीय स्थान रहा। क्विज प्रतियोगिता में कुंती कहार प्रथम, सोनाली प्रजाति द्वितीय एवं नैनी पाटिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य विजेता चौबे ने कहा कारगिल में भारत एवं पाकिस्तान के बीच मई 1999 में युद्ध हुआ था जिसमें भारत को 26 जुलाई 1999 के दिन विजय प्राप्त हुई। उस समय भारत के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी थे। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा पाकिस्तानी सेना ने कारगिल क्षेत्र में घुसपैठ कर नियंत्रण रेखा को पार करने की कोशिश की जिसके जवाब में भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय अभियान चलाया और 26 जुलाई 1999 के दिन विजय प्राप्त की। कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने में सीनियर अंडर ऑफिसर आयुषी आपुलकर, कैडेट्स काजल पासे, ईशा धारस्कर, सोनिका नहारे, आशीष यादव, गणेश यादव, सचिन, संजय उईके, मोहित पाल का विशेष योगदान रहा।

दैनिक भास्कर
होशंगाबाद, मंगलवार, 27 जुलाई, 2021

# एनसीसी कैडेट्स ने रैली निकालकर मनाया कारगिल विजय दिवस

बैतूल। कारगिल विजय दिवस सोमवार को मनाया। इस अवसर पर जेएच कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने कारगिल चौक तक रैली निकालकर जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। एनसीसी के लगभग 50 कैडेट्स महाविद्यालय से कारगिल चौक सदर बैतूल तक रैली निकली। इस अवसर पर चित्रकला एवं प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें महिला यूनिट में प्रथम निशा अहाके, द्वितीय गायत्री लिखितकर, तृतीय दीक्षा अमरूते रहीं। पुरुष यूनिट में संदीप इवने प्रथम, सुमित रघुवंशी का द्वितीय स्थान रहा। क्विज प्रतियोगिता में कुंति कहार प्रथम, सोनाली प्रजाति द्वितीय एवं नैनी पाटिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य विजेता चौबे ने कहा कारगिल में भारत एवं पाकिस्तान के बीच मई 1999 में युद्ध हुआ था। जिसमें भारत को 26 जुलाई 1999 के दिन विजय प्राप्त हुई। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा पाकिस्तानी सेना ने कारगिल क्षेत्र में घुसपैठ कर नियंत्रण रेखा को पार करने की कोशिश की, जिसके जवाब में भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय अभियान चलाया।



Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

**Academic Session 2020-2021**

**Slogan Writing for Covid-19 Special Awareness Programme**








Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

# एनएसएस के छात्र-छात्राएं नारे लेखन और सोशल मीडिया पर चला रहे विशेष जागरूकता अभियान

## संकट की घड़ी में जागरूकता से बचाव के प्रयास कर रहे एनएसएस के स्वयंसेवक







बैतूल। जिले के चिन्हित जयवंती हक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विद्यार्थी छात्र-छात्राओं द्वारा प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे, रासेयो जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जीपी साहू, व डॉ.प्रतिभा चोरे, ललित तायवाड़े के मार्गदर्शन में अपने-अने क्षेत्रों में कोरोना के संबंध में जागरूकता के प्रयास किये जा रहे हैं। स्वयंसेवक कु. शीतल बघेल ग्राम अमरावती घाट, कु.ज्योति धोटे ग्राम बघोड़ा, प्रवीणा लोखण्डे ग्राम विजयग्राम द्वारा दीवारों पर जागरूकता स्लोगन लिखकर लोगों तक संदेश पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं स्वयंसेवकों द्वारा मास्क वितरण कर संक्रमण से बचने व सोशल डिस्टेंसिंग बनाये रखने का अनुरोध किया जा रहा है। वरिष्ठ स्वयं सेवक दीपाली पाड़े, अंजली सोनारे, रिया धिड़ोडे, संध्या प्रजापति, नंदनी सोनी, प्रवीणा लोखंडे, अंजलि प्रजापति, सतीश सलामे, हिमांशु पाटिल, रचित पाल आदि सभी स्वयंसेवक कार्य कर रहे हैं। समाज में कोरोना से बचाव हेतु स्वयंसेवक सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।




### सोशल मीडिया पर भी जागरूकता

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक सोशल मीडिया पर भी जागरूकता अभियान चला रहे हैं। फेसबुक, ट्वीटर, वाट्सएप, इंस्टाग्राम पर भी स्वयं सेवक जागरूकता अभियान के संदेश अपडेट कर रहे हैं। इसके अलावा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी जागरूकता कार्यक्रम के वीडियो भी सोशल मीडिया पर लगातार अपडेट किए जा रहे हैं, जिससे कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में जनजागरूकता अभियान बड़े स्तर पर चलाया जा सके।

### मिल रहा है मार्गदर्शन



हमें लगातार सोशल मीडिया पर और नारे लेखन करके गांव-गांव में जो लगा जहां हैं वहीं पर सोशल डिस्टेंसिंग के साथ दीवारों पर कोरोना महामारी से जागरूकता के संदेश लिखे जा रहे हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता लाई जा सके। वरिष्ठ शिक्षकों से हमें लगातार मार्गदर्शन भी मिल रहा है।

**ललित तायवाड़े, रासेयो वरिष्ठ स्वयं सेवक**

### निर्देशों का पालन हो रहा है



उच्च शिक्षा विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के पालन के तहत ही राष्ट्रीय स्वयं सेवकों के द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नारे लेखन एवं सोशल मीडिया के तहत कोरोना महामारी पर से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए स्वयं सेवक अपने-अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं।

**डॉ. विजेता चौबे, प्राचार्य जेएच कॉलेज, बैतूल**



Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

Corona Awareness by Mask Distributions, 'Corona Mehndi'






Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15






Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15



Mask Distribution by JH Govt PG College Students



Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

## Vaccination Awareness Camp



# जेएच कॉलेज बैतूल में वैक्सीन शिविर, युवाओं में अपार उत्साह

## सिर्फ टीका ही एकमात्र उपायः डॉ.सुखदेव डोंगरे

जेएच ई न्यूज, बैतूल। अब 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में टीका लगना शुरू हो गया है। इसी तारतम्य में जेएच कॉलेज में मप्र शासन, स्वास्थ्य विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के आदेश के परिपालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.तिवारी, व्यवस्थापक योगेन्द्र दवंडे, प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे के संरक्षण में रासेयो के जिला संगठक एवं नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे के संयोजन में प्रो.अशोक दावड़े, डॉ.बीडी नागले, प्रो.बीआर खातरकर की उपस्थिति में जिला चिकित्सालय कोविड 19 टीकाकरण की टीम नर्स माधुरी धोटे, रश्मि मोगरे, एएनएम शिमा सोलंकी, अर्चना पाटिल, सीमा गुलबाके, गीता धोटे, एमपीडब्ल्यू मनोहर लाल कुमरे, रवि पंवार के द्वारा छात्र-छात्राओं को वैक्सीन के टीके लगाए गए। प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे ने पूरी टीकाकरण टीम का पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया और छात्र-छात्राओं से वैक्सीन लगवाने का आव्हान किया।



डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि टीकाकरण करके ही हम कोरोना वायरस संक्रमण से बच सकते है। टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने में डॉ.अनिता सोनी, प्रो.संतोष पंवार, प्रो.राजकुमार चौकीकर, अमित आर्य, मुकेश करोले, संदीप कनाडे, एनएसएस स्वयंसेवक संजय उइके, योगेश्वर पवाड़े, नवीन नागले, अमित मालवी, हिमांशु पाटिल, बालकिशोर अमरूते, कन्हैया अमरूते, रानी खवसे, कविता वाड़बुदे, लक्षिता सातपुते आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

World Hand Wash Day

# सात स्टेप की शार्ट फिल्म से बताया हाथ धुलाई का तरीका


## जेएच कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक महिला-पुरुष इकाई ने विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया


जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल में मप्र शासन गृह मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल एवं उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के दिशा निर्देशन के परिपालन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक द्वारा अपने-अपने घर में परिवार एवं मोहल्ले के साथ कुछ साथियों के साथ में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए एवं मास्क लगाकर हाथ धुलाई कर कर विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया।

रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे एवं रासेयो जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में कोविड-19 महामारी के प्रकोप के मद्देनजर दिन में एक से अधिक बार 10-20 सेकंड तक साबुन से हाथ धोना और साबुन से हाथ धोने का तरीका कैसा होगा इस पर रासेयो के छात्र एवं छात्राएं अंजलि सोनारे, हिमांशु पाटिल, अक्षय मालवीय, हर्षित जुमड़े, नंदिनी सोनी, मोनिका धुर्वे एवं दिपाली पाण्डे के द्वारा हाथ धुलाई पर शार्ट फिल्म बनाई है। डॉ. विजेता चौबे ने कहा कि एनएसएस के विद्यार्थी कोरोना वायरस महामारी से बचाव के लिए न्यूज पेपर एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से सघन जागरूकता अभियान चला रहे हैं।

एनएसएस के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा सेनेटाइजर का प्रयोग, साबुन एवं पानी न होने की स्थिति में ही करें। अधिक सेनेटाईजर का प्रयोग हानिकारक हो सकता है। इसलिए दिन में कई बार साबुन एवं पानी से हाथ धोना ही महामारी से बचाव का सुदृढ़ तरीका है। कोरोना महामारी में जागरूकता के लिए अंजली सोनारे, संजय उईके, दलनायक सक्रिय कार्य कर रहे हैं।






Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

Awareness of Child ProtectionProgramme

# बाल सरंक्षण पर कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

## कोविड-19 महामारी के कोरोना काल में लैंगिक अपराध बढ़े



जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल में बीयू के आदेशानुसार प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे के मार्गदर्शन में रासेयो जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, विश्वविद्यालय के समन्वयक अनंत कुमार सक्सेना, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह परिहार, आवाज मप्र के कॉर्डिनेटर प्रशांत दुबे, आसिमा खान, गौरव की उपस्थिति में बाल संरक्षण पर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रारंभ में राहुल सिंह परिहार ने कहा कि बैतूल जिले के एनएसएस के 50 स्वयंसेवकों का चयन किया गया है।

यह कार्यक्रम युनीसेफ, आवाज मप्र एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे ने कहा एनएसएस 14 से 20 नवम्बर तक बाल संरक्षण पखवाड़ा मनाएगा 14 नवम्बर को संपूर्ण भारत में बाल दिस मनाते हैं तथा 20 नवम्बर को बाल अधिकार दिवस के रूप में मनाएंगे। प्रशांत दुबे ने प्रशिक्षण में बताया कि मप्र में प्रतिदिन 30 बच्चे गायब होते हैं उनमें से केवल 9 बच्चे वापस घर पहुंच पाते हैं। गौरव महाते ने बताया कि बालकों को देख-रेख और संरक्षण अधिनियम 2015 पर विस्तार से प्रकाश डाला। आसिमा खान ने बताया कि लैंगिक शोषण अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 पाक्सो एक्ट के बारे में बताया।

डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि मप्र में 2018 में 105 व 2019 में 125 लैंगिक शोषण के अपराध बढ़े हैं। यह हमारे लिए चिंता का विषय है। कोरोना काल में भी अपराधों में वृद्धि हुई है। बैतूल जिले के 50 स्वयंसेवकों ने प्रशिक्षण में सहभागिता की।


Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

Blood Donation on World Blood Donor Day






## 11 वर्ष के मासूम तनिष के लिए किया रक्तदान

राष्ट्रीय सेवा योजना के वालिंटियर्स ने किया रक्तदान




Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

Counselling to Overcome Mental Stress

# डोंगरे, दुबे व अनिता काउंसलर नियुक्त, छात्रों को मानसिक तनाव से उबारने में करेंगे मदद



जेएच ई न्यूज, बैतूल। आज के समय में कई विद्यार्थी मानसिक तनाव, पढ़ाई के दबाव के चलते आत्महत्या जैसे कदम उठा लेते हैं। कोरोना काल में सभी प्रभावित हुए खासकर विद्यार्थीगण। ऐसे में इनकी मनोदशा को समझ कर इनका सही मार्गदर्शन देकर छात्रों को इस भंवर से निकाला जा सकता है। इसी विषय को ध्यान में रखते हुए जेएच कॉलेज को प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे द्वारा डॉ.सत्यदेव डोंगरे, डॉ.अनिता सोनी व डॉ.सलील दुबे को काउंसलर नियुक्त किया है। ये तीनों प्राध्यापक छात्रों में पढ़ाई के दबाव, पारिवारिक तनाव, आक्रोश, मानसिक तनाव, अवसाद, हीनभावना जैसी मनोदशा से जूझ रहे छात्रों की समस्या सुनेंगे तथा छात्रों में मनोबल, आत्मविश्वास और समस्या निवारण की सलाह देते हुए मार्गदर्शन देंगे। जेएच कॉलेज का कोई भी विद्यार्थी इनसे सीधे संपर्क कर सकता है।

काउंसलर विद्यार्थी को उनके हित में मार्गदर्शन देंगे व छात्रों से काउंसलिंग कर साइकोमेट्रिक टेस्टिंग कर ही छात्र को उचित सलाह दी जाएगी व सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए प्रेरित किया जाएगा। इनके द्वारा किसी प्रकार की दवा नहीं दी जाएगी सिर्फ बातचीत के माध्यम से ही छात्रों को तनाव से मुक्त करने का प्रयास किया जाएगा।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

## Awareness Programme on International Volunteer Day

# अंतरराष्ट्रीय स्वैच्छिक सेवा दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया



जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल में कलेक्टर महोदय के आदेश के परिपालन में प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के मार्गदर्शन में प्रो. हेमंत देशपांडे, रासेयो जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, अमित आर्य की उपस्थिति में एवं दल नायक संजय उईके के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में सभी छात्रों को मास्क लगाने का, सोशल डिस्टेंसिंग और दिन में बार-बार हाथ धोना, घर के आसपास सफाई करना के संबंध में अंतरराष्ट्रीय स्वैच्छिक सेवा दिवस मनाते हुए जागरूकता अभियान चलाया। प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने कहा प्रत्येक व्यक्ति को कोरोना जैसी महामारी से लड़ने के लिए अपने शरीर की प्रतिरोधक क्षमता, आयुर्वेदिक काढ़े का उपयोग व्यायाम एवं योग आदि करना चाहिए।

प्रो. हेमंत देशपांडे ने कहा सोशल डिस्टेंसिंग ही हमें कोरोना वायरस महामारी से बचा सकती है। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा महाविद्यालय के छात्रों की जवाबदारी है कि स्वेच्छा से कोरोना वायरस महामारी बचाव के उपाय के लिए जागरूक करना, हमारा कर्तव्य है। लगभग 50 छात्रों को कोरोना महामारी से स्वैच्छिक बचाव के लिए महाविद्यालय परिसर में जानकारी दी।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

## Street Play on 'Nari Suraksha Ki Pukar'




Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

# 'नारी सुरक्षा की पुकार' नुक्कड़ नाटक का मनमोहक मंचन

## लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए छात्राओं ने संविधान की शपथ ली





जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल में मप्र उच्च शिक्षा विभाग वल्लभ भवन भोपाल के आदेश के परिपालन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व प्राचार्य डॉ. खेमराज मारदे के मुख्य आतिथ्य में प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे की अध्यक्षता में जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद साहू, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. सलिल दुबे, डॉ. ओपी खत्री, प्रो. अशोक दभाड़े, प्रो. प्रीति मालवी की उपस्थिति में एनएसएस के स्वयंसेवकों के द्वारा नारी सुरक्षा की पुकार विषय पर बहुत ही मनमोहक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। नाटक के मुख्य बिंदु घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, पाक्सो एक्ट के बारे में छात्र कलाकारों के द्वारा लड़कियों की सुरक्षा के बारे में नाटक का मंचन किया गया। डॉ. खेमराज मारदे ने कहा एनएसएस के छात्र-छात्राओं का यह नाटक नारी उत्थान के लिए प्रेरणादायक है। डॉ. विजेता चौबे ने कहा नारी सुरक्षा जागृति के लिए नुक्कड़ नाटक सशक्त माध्यम है। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने भारत के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया।

विश्व महिला दिवस के अंतर्गत तात्कालीन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसका विषय महिला सुरक्षा एवं नारी सशक्तिकरण रखा गया। इसमें प्रथम लक्षिता सातपुते, द्वितीय पूनम मालवी, तृतीय कोमल कवडे रहीं। नारी सुरक्षा की पुकार नाटक के मंचन में सतीश सलामे, दुर्गेश कुमरे, योगेश्वर पवाड़े, नवीन नागले, दुर्गाप्रसाद मोहले, जुबेर शेख, अमित मालवी, मीनाक्षी गजुलकर, पूनम मालवी, लक्षिता सातपुते, रानी खवसे, निधि सुजाने, वर्षा रावत ने सहभागिता की। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय उइके, रिया पिपोड़े, अंजली, कविता बाडबुदे, साक्षी मवासे, लक्ष्मण परते, रोशनी उपाड़े, अंकेश बारस्कर, कन्हैया अमरूते, आकाश अजनेरे ने सहयोग किया।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

## Awareness Programme on Road Safety Week by Conducting Workshop, Slogan Writing and Nukkad Natak




# सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला, चित्रकला, स्लोगन, नुक्कड़ नाटक संपन्न





जेएच ई न्यूज़, बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से संस्था विजयाराजे देवी मंडल भोपाल द्वारा कार्यशाला का आयोजन जिला परिवहन अधीक्षक जीएस बढ़ौरिया, कार्यशाला में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जोपी साहू, डॉ.प्रतिभा चौरे, एबीवीपी मध्य प्रांत भारत के सह मंत्री निलेश गिरी गोस्वामी की उपस्थिति में और प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता, प्रश्न मंच, स्लोगन प्रतियोगिता संपन्न हुई और समस्त छात्र-छात्राओं को टी-शर्ट एवं कैप वितरित की गई। चित्रकला में प्रथम अरूणा धुर्वे, द्वितीय सलोनी बारे, तृतीय अर्चना पासी, प्रश्न मंच में सही जवाब देने वाले हैलमेट प्रदान किए गए। स्लोगन प्रतियोगिता में जयश्री साहू, नीधि सुजाने, आरती दीक्षित, कोमल कठोले, रजिया यादव, प्रियंक मराठे, अंजली सोनारे, कुंती कहार रही। रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा रैली निकालकर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी जिसमें संजय डके, सतीश सलामे, दुर्गेश कुमरे, योगेश्वर पहाड़े, नवीन नागले, अक्षय मालवी, हिमांशु पाटिल, अंजली सोनारे, रीया चिड़ेडे, मीनाक्षी राठुलकर, पूनम मालवी, लक्षिता सातपुते, कोमल कठोले, वर्षा रावत, साक्षी मक्रासे, रागिनी पवार, शीतल वामेल, ज्योति धोटे, दुर्गाप्रसाद मोहले, आकाश अजनेर, जुबेर शेख, अमित मालवी, विकास सलामें, अक्षय वामनकर, मिलिंद मसतकर, कविता वाडबुदे, मनिषा साहू, साक्षी साहू, रोशनी घनकर, शकुंतला कास्दे ने सहभागिता की साथ ही लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

## Awareness Programme on World's AIDS Day







# राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण विषय पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता संपन्न


## पायल प्रथम, मिनाक्षी द्वितीय रहीं

जेएच ई न्यूज बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम रेड रिबन क्लब महाविद्यालय स्तरीय व जिला स्तरीय प्रश्न मंच प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। एनएमएस के जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे ने बताया कि प्रत्येक महाविद्यालय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी क्रमशः एक हजार, सात सौ रूपए व पांच सौ रूपए और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। जिला स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को क्रमशः 5 हजार, 3 हजार, व 2 हजार रूपए दिए जाएंगे। राज्य स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को क्रमशः 15 हजार, 10 हजार, व 5 हजार रूपए व प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। जेएच कॉलेज बैतूल के रेड रिबन क्लब स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम पायल आर्य, द्वितीय दुर्गेश कुमरे, तृतीय मिनाक्षी राजुरकर, जिला स्तर पर प्रथम आदर्श राजपूत, द्वितीय मिनाक्षी राजुरकर, तृतीय प्रवीण परिहार रहे।



Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
08.08.2023 16:53:15

## Third Wave Awareness Training Programme






# टीका लगाकर ही तीसरी लहर से बच सकते हैं: डॉ. योगेश पंडाग्रे

## जेएच कॉलेज में 5-एमपी बालिका बटालियन एनसीसी महिला कैडट्स का प्रशिक्षण संपन्न हुआ

जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल में 5 एमपी बालिका बटालियन एनसीसी सेल्फफाइनेंस महिला इकाई को मंगलवार को कोविड-19 संक्रमण की संभावित तीसरी लहर रोकने हेतु जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं विषय विशेषज्ञ आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, विशेष अतिथि डॉ. अरुण जयसिंगपुरे सिटी हॉस्पिटल बैतूल, डॉ. अनिल सोनी, कोविड-19 नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे, पुरुष इकाई के लेफ्टिनेंट डॉ. सुखलाल देवधे, क्रीड़ा अधिकारी पीलिमा पीटर, गर्ल्स इकाई की लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रभारी प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी की उपस्थिति में एनसीसी के 60 केडेट्स को प्रशिक्षण दिया गया।

